# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्ल्यू / 561 / 2023–24 **अतिआवश्यक / समयबद्ध** दिनांक : 26.09.2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय, जनपद–जौनपुर एवं गाजीपुर
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः– वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2023–24 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्रों (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) व अन्य कार्यो के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 2688 / सत्तर–3–2023 दिनांक 25 सितम्बर, 2023 एवं विशेष सचिव, समाज कल्याण अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–71 / 2023 / 2854 / 26–3–2023 / C.N.-1513982 दिनांक 15.09.2023 (छाया प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से सुसंगत शासनादेशों / छात्रवृत्ति नियमावलियों में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2023–24 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन कराने की अपेक्षा की गयी है।

2–विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जौनपुर, एवं गाजीपुर जनपद के महाविद्यालयों के प्रबन्धक / प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2023–24 हेतु दिनांक 15 सितम्बर, 2023 को शासन द्वारा जारी की गयी समय–सारणी के अनुसार जो शिक्षण संस्थान (महाविद्यालय) स्कालरशिप पोर्टल के मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित नहीं हैं वे (नवीन शिक्षण संस्था जिन्हें 15 जुलाई, 2023 तक सम्बद्धता प्राप्त हो गयी है।) दिनांक 21 सितम्बर, 2023 से दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 तक अपने–अपने जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी से लागिन पासवर्ड प्राप्त कर मास्टर डाटा बेस में अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाएं पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक, (सेमेस्टर होने की दशा में दोनों सेमेस्टर के अंको को जोड़ते हुये) विश्वविद्यालय का नाम आदि सूचनाओं को स्कालरशिप पोर्टल पर अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित कर लें।

2–जो महाविद्यालय मास्टर डाटा में पहले से सम्मिलित हैं वे अपने संस्थान से सम्बन्धित सूचनाएं / विवरण (पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक आदि) अद्यतन कर डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित कर लें जिससे आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र /

